# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

## 2024—25

## राजनीति विज्ञान (सैद्धान्तिक)

**समयः 3 घण्टे** | **कक्षा—12** | **पूर्णांकः80**

निर्देशः (i) इस प्रश्न पत्र में कुल 26 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न संख्या के उत्तर में चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर—पुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न है।

(v) प्रश्न संख्या 8 से 12 तक प्रत्येक का उत्तर 40 शब्दों में दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या 13 से 20 तक प्रत्येक का उत्तर 100 शब्दों में दीजिए।

(vii) प्रश्न संख्या 21 से 26 तक प्रत्येक का उत्तर 150 शब्दों में दीजिए।

(viii) इस प्रश्न पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है, तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

1: (क) पूंजीवादी दुनिया और साम्यवादी दुनिया के बीच विभाजन का प्रतीक थी.— 1

(i) बर्लिन की दीवार (ii) चीन की दीवार

(iii) शॉक थेरेपी (iv) उपर्यक्त सभी

(ख) यूरोपीय संघ के गठन के लिए मास्ट्रिस्ट संधि पर हस्ताक्षर कब हुए? 1

(i) नवम्बर 1976 (ii) जुलाई 1999

(iii) फरवरी 1992 (iv) मई 2004

(ग) दक्षिण एशिया में निम्न में से कौन सा देश सम्मिलित नहीं है— 1

(i) थाईलैण्ड (ii) भूटान

(iii) बांग्लादेश (iv) नेपाल

(घ) तेलगू भाषा के आधार पर आन्ध्र प्रदेश राज्य का गठन किस वर्ष किया गया? 1

(i) 1952 (ii) 1953

(iii) 1955 (iv) 1956

(ड़) भारत में किस प्रकार की दलीय प्रणाली है? 1

(i) एकदलीय (ii) द्विदलीय

(iii) त्रिदलीय (iv) बहुदलीय

(च) निम्नलिखित में से कौन—सा खतरे का नया स्रोत है? 1

(i) आतंकवाद (ii) वैश्विक तापवृद्धि

(iii) वैश्विक निर्धनता (iv) उपरोक्त सभी

(छ) सन् 1975 में संसद मार्च का नेतृत्व किसने किया था? 1

Downloaded from www.cclchapter.com

(i) मोरारजी देसाई (ii) इंदिरा गांधी

(iii) जयप्रकाश नारायण (iv) के0 कामराज

(ज) राजीव गॉधी और आसू (ऑल असम स्टूडेंटस यूनियन– AASU ) के बीच समझौता किस वर्ष हुआ? 1

(i) 1985 (ii) 1986

(iii) 1987 (iv) 1988

निर्देशः प्रश्न संख्या 1 के अगले दो खण्डों झ व ञ में दो कथनों को अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i) (ii) (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए–

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या करता है।

(iii) A सही हैं परन्तु R गलत है।

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

(झ) **अभिकथन (A)**: वैश्वीकरण एक बहुआयामी प्रक्रिया है। 1

**कारण (R)**: वैश्वीकरण केवल आर्थिक परिघटना नही है।

(ञ) **अभिकथन (A)**: भारत ने महाशक्तियों पर व्यापक परमाणु निःशस्त्रीकरण के लिए जोर दिया, लेकिन फिर भी भारत ने NPT एवं CTBT पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया।

**कारण (R)**: NPT एवं CTBT विशेष रूप से गैर–परमाणु शक्तियों पर लागू होती हैं और परमाणु शक्ति संपन्न पांच शक्तियों के एकाधिकार को वैध बनाती हैं। 1

2: संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव कौन हैं? 1

3: पृथ्वी सम्मेलन सन् 1992 में कहॉ आयोजित किया गया था? 1

4: वैश्वीकरण के विरोध में निर्मित विश्वव्यापी मंच का नाम लिखिए। 1

5: भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (CPI) कांग्रेस से कब अलग हुई? 1

6: सन् 1969 में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रपति के उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी को किसने राष्ट्रपति चुनाव में हराया? 1

7: मण्डल आयोग की सिफारिशें किस मुद्दे से सम्बन्धित थी? 1

8: पूर्व सोवियत संघ के कौन–कौन से देश यूरोपीय संघ में शामिल हुए? 2

9: सुरक्षा परिषद् में निषेधाधिकार (Veto) का क्या अर्थ है? 2

10: विश्व की साझी विरासत का क्या अर्थ है? स्पष्ट कीजिए 2

11: उदारीकरण से क्या तात्पर्य है? 2

12: केरल मॉडल क्या है? संक्षिप्त वर्णन कीजिए । 2

13: आसियान की विशेषताएं एवं उसके विजन दस्तावेज–2020 का वर्णन कीजिए। 3

14: संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता के पक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत कीजिए। 3

15: वैश्वीकरण का अर्थ बताइए। वैश्वीकरण के आलोचक इसके विरूद्ध क्या तर्क देते है? 3

Downloaded from www.cclchapter.com

16: कांग्रेस किन अर्थों में एक सामाजिक और विचारधारात्मक गठबन्धन थी?उल्लेख कीजिए। 3

17: सन् 1969 में कांग्रेस पार्टी किन मसलों को लेकर टूट की शिकार हुई? चर्चा कीजिए। 3

18: जनता पार्टी सरकार द्वारा मई 1977 में शाह आयोग की नियुक्ति क्यों की गई थी? इसके क्या निष्कर्ष थे। 3

19: मंडल आयोग क्या था? इस आयोग की सिफारिशों के बाद भारतीय राजनीति में क्या बदलाव हुए? विस्तृत –चर्चा कीजिए। 3

20: 'अयोध्या विषय ने भारतीय राजनीति को प्रभावित किया', इस कथन के पक्ष में तीन तर्क दीजिए। 3

21: वे कौन से देशी रजवाड़े थे जिनका भारत संघ में विलय करवाने में कठिनाई आई? उनमें से किन्हीं दो रजवाड़ों के विलय के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक लिखिए।

अथवा

राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन कयों किया गया था। इसकी प्रमुख सिफारिशें क्या थी?

22: भारत–चीन सम्बन्धें पर विस्तारपूर्वक–चर्चा कीजिए। 5

अथवा

गुटनिरपेक्षता की नीति के विषय में आप क्या समझते हैं? वर्तमान एक ध्रुवीय विश्व में गुटनिरपेक्षता की प्रासंगिकता पर लेख लिखिए।

23: भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में कौन से राज्य हैं? पूर्वोत्तर के राज्यों में राजनीति पर कौन से तीन मुद्दे हावी रहे हैं? विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए 5

अथवा

'उत्तर हर दिन बढ़ता जाए, दक्षिण दिन–रात घटता जाए' यह लोकप्रिय नारा किस आंदोलन का है? इस आंदोलन के विषय में विस्तारपूर्वक लिखिए।

24: भारत–पाक सम्बन्धों पर एक निबन्धात्मक लेख लिखिए। 5

अथवा

दक्षिण एशिया में शांति व सहयोग हेतु दक्षेस (सार्क) की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

25: वर्तमान विश्व में मानवता व विश्व सुरक्षा में खतरे के नये–नये स्रोत उत्पन्न हुए हैं, इन नये खतरों के सम्बन्ध में अपने विचार रखिए। 5

अथवा

भारत की सुरक्षा नीति के चार बड़े घटक कौन से है? उनके सम्बंध में लिखिए।

26: निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

समाजवादी सोवियत गणराज्य (USSR) रूस में हुई 1917 की समाजवादी क्रान्ति के बाद अस्तित्व में आया। यह क्रान्ति पूँजीवादी व्यवस्था के विरोध में हुई थी और समाजवाद के आदर्शो और समतामूलक समाज की जरूरत से प्रेरित थी। यह मानव इतिहास में निजी सम्पत्ति की संस्था को समाप्त करने और समाज को समानता के सिद्धान्त पर सचेत रूप से रचने की सबसे बड़ी कोशिश थी। ऐसा करने में सोवियत प्रणाली के निर्माताओं ने राज्य और पार्टी की संस्था को प्राथमिक महत्व दिया।

(क) 1917 की रूसी क्रान्ति के नायक कौन थे? 1

(ख) सोवियत राजनीतिक प्रणाली पर प्रकाश डालिए। 2

(ग) दूसरे विश्व युद्ध के पश्चात सोवियत संघ के महाशक्ति के रूप में उभरने के दो प्रमुख कारण बताइये। 2

Downloaded from www.cclchapter.com

Downloaded from www.cclchapter.com